PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Monday, 13th August 2018; Page: 15
Width: 28.24 cms; Height: 27.64 cms; a3r; ID: 35.2018-08-13.170

स्वतंत्रता दिवस पर मिल सकती हैं कई सौगातें

नई दिल्ली (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए 32 करोड़ से अधिक जनधन खाताधारकों के लिए विभिन्न लाभों की घोषणा कर सकते हैं। इसका मकसद सरकार के वित्तीय समावेश अभियान को मजबूती प्रदान करना है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खाताधारकों के लिए ओवरड्राफ्ट सुविधा दोगुनी कर 10,000 रुपए की जा सकती है। यह सरकार के उन लोगों को कोष उपलब्ध कराने का प्रयास है, जो इससे वंचित हैं। इसके अलावा सरकार आकर्षक सूक्ष्म बीमा योजना की घोषणा कर सकती है। रुपे कार्डधारकों के लिए मुफ्त दुर्घटना बीमा एक लाख रुपए से बढ़ाया जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक पीएमजेडीवाई का दूसरा चरण 15 अगस्त को समाप्त हो गया और आगे के लक्ष्य को हासिल करने के लिये इसमें यथाचित सुधार की जरूरत है। प्रधानमंत्री का स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संबोधन इस प्रकार की घोषणा के लिय बेहतर मंच है। वित्तीय समावेश का प्रमुख कार्यक्रम पीएमजेडीवाई की शुरुआत अगस्त 2014 को की गई।

पहला चरण 14 अगस्त 2015 को पूरा हुआ और इसमें मूल बैंक खाता तथा रुपे डेबिट कार्ड पर जोर दिया गया। पिछले चार साल में 32.25 करोड़ जनधन खाते खुले। इन खातों में 80,674.82 करोड़ जमा हैं।

इसके अलावा सरकार 2015-16 में घोषित अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत पेंशन की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 10,000 रुपए मासिक कर सकती है। फिलहाल यह सीमा 5,000 रुपए है। एपीवाई के तहत योगदान राशि के आधार पर अंशधारक 60 साल पूरा होने पर 1,000 रुपए 5,000 रुपये तक पेंशन ले सकते हैं।

मनचाही

- जनधन खाताधारकों के लिए कई लाभों की घोषणा कर सकते हैं पीएम
- इन खाताधारकों के लिए दोगुनी हो सकती है ओवरड्राफ्ट की सुविधा
- खाताधारकों के लिए बीमा योजना भी शुरू कर सकती है सरकार
- रुपे कार्डधारकों को मिल सकता है एक लाख का मुफ्त दुर्घटना बीमा
- एपीवाई में अधिकतम 10 हजार रुपए हो सकती है पेंशन की सीमा